अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2017-2018
हिन्दी भाषा

कक्षा : VI
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। **[15]**

(क) एक बार आप विद्यालय से घर जा रहे थे। अचानक धनघोर वर्षा शुरू हो गयी। आपको घर पहुँचने में किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ा ? वर्णन करें ।

(ख) आप अपने किसी अच्छें दोस्त का नाम बताएँ, तथा उसके किस गुण के कारण आप उसे पसंद करते हैं ? वर्णन करें ।

(ग) भारत देश में स्वच्छता के बारे में जागरूक करने के लिए 'स्वच्छ भारत अभियान' मिशन की शुरूआत हुई है ? 'स्वच्छ भारत अभियान पर निबंध लिखें।

(घ) समय को पुनः प्रयोग नहीं किया जा सकता है, और न तो खोए हुए समय को वापस पाया जा सकता है, समय के महत्त्व को समझाते हुए निबंध लिखें।

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें । **[10]**

(क) मित्र को कक्षा में प्रथम आने की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

(ख) विद्यालय में छात्रों के बीच 'मार-पीट' की घटनाएँ तेजी से बढ़ रही है, इसकी रोकथाम के लिए, सुझाव देते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें।

चंद्रगढ़ का राजा चंद्रसेन बड़ा न्यायप्रिय राजा था। एक बार उसने अपने राज्य की प्रजा की भलाई के लिए अधिकारी के पदा पर किसी उपयुक्त व्यक्ति को स्थापित करने का विचार किया। इसके लिए उसने तीन तेजस्वी व्यक्तियों चंद्रधर, प्रतापराय और धनपतराय का चयन किया और उनकी परीक्षा लेनी चाही।

राजा ने तीनों विद्वानों को एक-एक तोता देते हुए कहा, - ''आपको एक महीने का समय दिया जाता है। जो अपने तोते को सबसे अधिक उपयोगी एवं परोपकारी बनाएगा, उसे ही जनकल्याण अधिकारी का पद दिया जाएगा। तीनों युवक अपना-अपना पिजंड़ा लेकर चले गए।

एक महीने बाद दरबार लगा। दरबारियों में परिणाम जानने की जल्दी दी। तभी दरबार में प्रवेश चंद्रधन का तोता मुधर स्वर में गाने लगा, ''गोपाला, गोपाला! प्यारे नंदलाला, हो बाँसुरी वाला''। यह देख राजा प्रसन्न हुए और उन्होंन चंद्रधर से पूछा, ''तुमने अपने तोते को पंडित कैसे बनाया ? चंद्रधर ने कहा कि जब कठोर परिश्रम के बावजूद तोते ने सीखने में रूचि नहीं दिखायी तो उसे भूखा रखना शुरू कर दिया, जिसके कारण वह भजन सीखता गया।''

तभी दरबार में ''महाराज की जय हो'' का स्वर गूँजा। यह स्वर प्रतापराय के तोते का था। जब राजा ने उस तोते

Downloaded From www.icseboard.org

को सिखने का ढंग पूछा तो उसने बड़ी सरलता से कहा, ''छड़ी पड़े छम-छम, विद्या आए झम-झम। राजा सारी बात समझ गए।

फिर तीसरे युवक धनपतराय ने प्रवेश किया तो सभी दंग रह गए। उसके पास तोता न था। राजा ने अचरच से तोते के बारे में पूछा। धनपतराय ने हाथ जोड़कर कहा, ''क्षमा करे महाराज, मैंने तोते को उसी दिन नीलगगन में छोड़ दिया, क्योंकि जंगल का जीव जंगल में ही खुश रहता है। यह सुनकर राजा बहुत खुश हुए, और उन्होंने धनपतरात जो जनकल्याण अधिकारी के पद पर विभूषित कर दिया।

(क) चंद्रगढ़ के राजा का नाम क्या था? एक दिन उनके मन में क्या विचार आया ? [4]

(ख) राजा ने तीनों व्यक्तियों को एक-एक तोता देते हुए क्या कहा ? [4]

(ग) चंद्रधन ने अपने तोते को कैसे पंडित बनाया ? [4]

(घ) राजा ने धनपत से तोते के विषय में क्या पूछा और उसने जवाब में क्या कहा ? [4]

(ङ) गद्यांश में से दो संज्ञा शब्द चुनकर लिखें। [1]

4. **निम्नलिखित दिए गए पर्यायवाची शब्दों से दो-दो शब्द बनाएँ :-** [7]

घर, जल, दुःख, पहाड़, पुत्र, तन, बिजली

5. **निम्नलिखित दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखें :-** [5]

उत्तर, एक, कोमल, उन्नति, कृतज्ञ, घृणा, कृत्रिम, सरल, जय, ज्ञान

6. **निम्नलिखित दिए गए अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखें :-** [4]

ची, जड़, पट, पतंग

7. **निम्नलिखित दिए गए समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें।** [5]

1)	कर्म	2)	कपट	3)	दिन	4)	प्रणाम	5)	समान
	क्रम		कपाट		दीन		परिणाम		सामान

8. **निम्नलिखित दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें।** [6]

(क) जो दिखाई न दे -

(ख) जो सरलता से प्राप्त हो सके -

(ग) जो देखने योग्य हो -

(घ) जो आँखों के सामने हो -

(ङ) जिसका कोई दोष न हो -

(च) नभ में उड़ने वाला -

Downloaded From www.icseboard.org

9. निम्नलिखित दिए गए उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए :- **[4]**

अनु - ________ ________ प्रति - ________ ________

कु - ________ ________ ला - ________ ________

10. निम्नलिखित दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखें एवं वाक्य बनाएँ :- **[4]**

(क) दाल में काला होना -

(ख) पेट में चूहे कूदना -

11. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें :- **[7]**

(क) जो परिश्रम करेगा, वह उत्तीर्ण होगा। (सर्वनाम चुनकर भेद लिखें)

(ख) तुम अभी मेरे साथ चलो। (क्रिया विशेषण चुनकर भेद लिखें)

(ग) उसका प्राण निकल गया। (वाक्य शुद्ध करें)

(घ) पीकर खेलने श्यामा गई पानी भाग। (शब्द-समूहों से सार्थक वाक्य बनाएँ)

(ङ) सूर्यपुत्र कर्ण एक श्रेष्ठ धनुर्धर है। (वाक्यों में उद्देश्य और विधये अलग करके लिखिए)

(च) न्यायाधीश कुर्सी पर बैठे हैं। (क्रिया के भेद बताएँ)

(छ) बरसात में चारों तरफ हरियाली छाई रहती है। (संज्ञा शब्द चुनकर भेद लिखें)

Downloaded From www.icseboard.org